बच्चों के लिए बाइबिल

प्रस्तुति

धनवान आदमी, गरीब आदमी

लेखक: Edward Hughes
व्याख्याकार: Alastair Paterson; M. Maillot; Lazarus
रूपान्तरकार: M. Maillot; Sarah S.
अनुवाद: Suresh Kumar Masih
प्रस्तुतकर्त्ता: Bible for Children
www.M1914.org

BFC
PO Box 3
Winnipeg, MB R3C 2G1
Canada

©2020 Bible for Children, Inc.
अनुज्ञापत्र (लाइसेंस): आप इन कहानियों की छाया प्रति और मुद्रण करवा सकते हैं, बशर्ते कि बेचें नहीं।

यीशु धार्मिक अगुओं में से कई एक को जानता था जो परमेश्वर से ज्यादा पैसे को अधिक प्यार करते थे। उसने उनसे दो लोगों की स्थिति के बारे में बताया कि परमेश्वर से ज्यादा धन से लगाव रखना कितना व्यर्थ है। स्वर्ग में परमेश्वर के साथ का जीवन कोई धनवान खरीद नहीं सकता।

एक अमीर आदमी था
जो बहुत महंगा और
सुंदर कपड़े पहनता था।
वह एक राजा की तरह
कपड़े पहनता था।
3


अमीर आदमी बहुत अच्छा भोजन खाता था। हर समय का
भोजन एक बड़ी दावत की तरह था। उसके पास इतना पैसा था
की उसे जब, जो चाहिए, खरीद सकता था, चाहे सुबह का
नास्ता, दोपहर और शाम का भोजन या
खाली समय में खाने
का नास्ता।
4


अमीर आदमी के घर के गेट पर एक गरीब, बीमार, भूख से मरता
भिखारी रहता था। उसका नाम लाज़र था।
5

गरीब लाजर घावों से भरा हुआ था। हो
सकता है वह एक रोगी था। हो सकता है
वह दूसरों द्वारा दिए चोट के कटे
निशान और घावों से भरा था। शायद
वह, घावों से इसलिए भरा था क्योकि
वह दूध, सब्जियां या मांस की तरह
अच्छा भोजन नहीं खा सका था।
6

लाजर भोजन के
लिए तड़पता
था। वह अमीर
आदमी की मेज
से गिरे जूठन के
टुकड़ों से ही खुश
हो जाता था।
7


आवारा कुत्ते
कभी कभी गरीब
असहाय भिखारी
को रगड़ते थे। वे
उसके आसपास
सूँघते और उसके
घावों को चाटते
थे। यहाँ तक की
कोई भी उसकी
परवाह नहीं की,
पर लाजर भूख
से मर रहा था।
8

एक सुबह,
लाजर नींद से
उठ नहीं पाया।
गरीब भूख से
मरता, मित्रहीन
भिखारी इस
जीवन को छोड़
चुका था। लाजर
मर गया था।



9

मरने के बाद लाजर के लिए ख़ुशी का
पल आया। यीशु स्वर्गदूतों को आज्ञा दी की
उसे इब्राहीम के साथ होने के लिए उसे ले जाओ।
परमेश्वर ने लाजर को सान्त्वना दी।



10

अब अमीर आदमी की भी मृत्यु हो गयी। उसके सारे पैसे उसके
जीवन को नहीं बचा सके। जब मौत आती है तो, कोई भी इसे
रोक नहीं सकता है।

11

अमीर आदमी को दफनाया गया। शायद यह एक बड़ा अंतिम
संस्कार समारोह था। शायद लोगों ने अमीर आदमी को
होशियार और सफल होने के लिए प्रशंसा भी की।
लेकिन उनकी प्रशंसा भी उसे मदद नहीं की।
अमीर आदमी अब नरक में था।

12

नरक में, अमीर आदमी चिल्लाया, "हे पिता इब्राहीम, लाजर को
भेज ताकि वह पानी में अपनी उंगली का छोर डुबाकर मेरी जीभ
पर रखे ताकि शांत हो सके; क्योकि मैं इस लौ में तड़प रहा हूँ।"

13

"इब्राहीम अमीर आदमी को याद
दिलाया," पृथ्वी पर के जीवन में
तुम्हारे पास सब कुछ था और
लाजर के पास कुछ भी नहीं था।
"अब लाजर को शान्ति और
तुम्हे तड़पना हैं हम दोनों के
बीच महान खाड़ी को कोई भी
पार नहीं कर सकता हैं।"





14

"अमीर आदमी ने बिनती की" मेरे पांच भाई को सचेत करने के लिए लाजर को भेज दे। "मैं उन्हें इस पीड़ा की जगह में तड़पने देना नहीं चाहता हूँ।"



15

इब्राहीम ने उत्तर दिया, "तुम्हारे भाइयों के पास परमेश्वर के वचन हैं" यदि वे पांच भाई बाइबल पर विश्वास नहीं कर सकते तो यदि, लाजर मृतकों में से वापस जाये तो भी, वे उसपर विश्वास नहीं करेंगे।



16

जब यीशु धनवान व्यक्ति और लाजर की कहानी समाप्त की, उस वक्त धार्मिक नेताओं ने शायद खुद से पूछा होगा। "क्या मै परमेश्वर से अधिक धन को प्रेम करता हूँ?" अब वे जान लिए थे की यदि परमेश्वर के वचन का पालन नहीं करेंगे तो उनका हाल कैसा होगा।



17

धनवान आदमी, गरीब आदमी

बाइबिल से, परमेश्वर के वाणी में कहानी

में पाया गया

लूका 16

“जो आपके जीवन में प्रकाश देता है।”
प्लाज्म 119:130

18



19

बाइबल की यह कहानी हमें अपने उस अद्भुत परमेश्वर के बारे में बतलाती है जिसने हमें बनाया और जो चाहता है कि आप उसे जानें।

परमेश्वर जानता है कि हमने ऐसे गुनाह किए हैं जिन्हें वह पाप मानता है। पाप की सज़ा मौत है किंतु परमेश्वर आपसे इतना प्रेम करता है कि उसने अपने एकमात्र पुत्र यीशु को इस दुनिया में भेजा ताकि वह सूली (क्रॉस) पर चढ़कर आपके पापों की सजा भुगते। यीशु मरने के बाद पुन: जीवित हुआ और स्वर्ग में अपने घर चला गया। यदि आप यीशु में विश्वास करते है और उससे अपने पापों की क्षमा मांगते हैं तो वह अपकी प्रार्थना सुनेगा। वह अभी आकर आपके अंदर बसेगा और आप हमेशा ही उसके साथ बने रहेंगे।

यदि आपको विश्वास है कि यह सब कुछ सच है, तो परमेश्वर से कहें: प्रिय यीशु, मुझे विश्वास है कि तू ही परमेश्वर है और मनुष्य के रूप में अवतरित हुआ ताकि मेरे पापों की वजह से। मौत की सजा भुगत सके और अब तू पुन: जीवित हुआ है। कृपया मेरी ज़िंदगी में आकर मेरे पापों को क्षमा कर, ताकि मुझे एक नया जीवन मिले और एक दिन में हमेशा हमेशा के लिए तेरे साथ हो लूं। हे यीशु, मेरी मदद कर ताकि मैं तेरी हर आज्ञा का पालन कर सकूं और तेरी संतान के रूप में तेरे लिए जी सकूं। आमीन।

बाइबल पढ़ें और प्रतिदिन ईश्वर से बात करें! जॉन 3:16

20